न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर,सवाईमाधोपुर

पीठासीन अधिकारी–डॉ0सूरज सिंह नेगी

अपील संख्या 65/2020

तारीख रजू 19.02.2020

भेरूलाल पुत्र भोरया जाति नाथ निवासी वीरपुर तह.खण्डार। ——— अपीलार्थी

बनाम

सरकार जरिये नायब तहसीलदार बहराण्डा कलॉ। ——— रेस्पो0

निर्णय दिनांक 23/02/2021

अपीलार्थी ने यह अपील राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 75 के अन्तर्गत नायब तहसीलदार बहराण्डा कलॉ द्वारा मिसल संख्या 151/2019 मे पारित आदेश दिनांक 23.12.2019 के विरूद्व प्रस्तुत की है जिसके द्वारा अपीलार्थी को ग्राम वीरपुर के आराजी खसरा नम्बर 489 रकवा 4.00 बीघा किस्म गैर मुमकिन चरागाह पर संवत 2076 मे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण करने का कर्ता मानकर अतिक्रमित भूमि से बेदखल करने, शास्ति आरोपित करने के साथ साथ पश्चातवर्ती अतिचारी मानते हुए 30 दिवस के सिविल कारावास की सजा के दण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया गया हैं।

अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पो0 की तलबी जरिये सम्मन की गई तथा अपीलाधीन निर्णय से संबंधित मूल पत्रावली तलब की गई। रेस्पो0 की ओर से राजकीय पेरोकार उपस्थित आये तथा अधीनस्थ न्यायालय की अपीलाधीन आदेश संबंधी पत्रावली प्राप्त होने पर बहस उभय पक्ष सुनी गई।

वकील अपीलार्थी ने अपील मे वर्णित तथ्यो की ओर ध्यान आकर्षित कर बहस मे कथन किया अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय विधि व तथ्यों के विपरीत होने के कारण निरस्त योग्य है। यह है कि अदालत मातहत द्वारा इस बात पर कतई ध्यान नहीं दिया गया कि खसरा नम्बर 489 रकबा 4 बीघा वाके तन वीरपुर पर अपीलान्ट ने कब्जा कर फसल काश्त नहीं की है ना ही अपना हित कायम किया है बल्कि अपीलान्ट के समाज के पूर्वजो की समाधी स्थल बने है। उक्त खसरा नम्बर में बजरंगबली का मंदिर व भैरूजी का मंदिर बना है जिसकी देखभाल अपीलान्ट द्वारा की जाती रही है। अदालत मातहत द्वारा अपीलान्ट को सुनवाई/सबूत प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया है। यह है कि अदालत मातहत की पत्रावली में पूर्व में किये गये अतिक्रमण के संबंध मे कोई साक्ष्य सबूत शामिल नहीं है जिससे अपीलान्ट पश्चातवर्ती अतिचारी की श्रेणी में माना जावें। अन्त मे वकील अपीलान्ट द्वारा अपील स्वीकार कर अदालत मातहत द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.12.2019 को निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Dr. Suraj Singh Negi
Date: 2022.02.10 13:49:36 IST
Reason: SelfAttested

वकील अपीलार्थी द्वारा की गई बहस का खण्डन करते हुए पेरोकार सरकार ने बहस मे कथन किया कि अपीलार्थी को विधिवत नोटिस जारी करने के पश्चात ही अपीलार्थी को सुनवाई सबूत प्रस्तुत करने का अवसर दिये जाने व पश्चातवर्ती अतिक्रमण साबित हो जाने के पश्चात ही अपीलाधीन निर्णय पारित किया गया है जिसमे किसी प्रकार की अनियमितता नही है। अतः अपील अपीलाण्ट खारिज की जाकर अदालत मातहत का निर्णय यथावत रखा जावें।

उभय पक्ष की बहस सुनने उस पर मनन करने तथा अपीलाधीन निर्णय की मूल पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात यह निष्कर्ष निकलता है कि पटवारी हल्का द्वारा अपीलार्थी के विरूद्व अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत होने पर अपीलार्थी को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 धारा 91(3) के तहत दिनांक 29.11.19 को अपीलान्ट को अदालत मातहत के सक्षम उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी किया गया किन्तु अदालत मातहत की पत्रावली जारी किये गये नोटिस की छायॉ प्रति सलंग्न नहीं है। बिना नोटिस/सुनवाई किये बिना जारी किया गया आदेश न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। जहां तक अतिक्रमित आराजी पर अपीलार्थी के पश्चातवर्ती अतिचारी होने का प्रश्न है तो अदालत मातहत की पत्रावली में पूर्व में किये गये अतिक्रमण के संबंध में पारित निर्णय जिसमें भौतिक रूप से अपीलार्थी को बेदखल किया गया हो इस संबंध में कोई दस्तावेज व पूर्व के किये गये अतिक्रमण के संबंध में पटवारी रिपोर्ट, नोटिस व अन्य दस्तावेज संलग्न नहीं है। अपीलान्ट द्वारा बहस में पश्चातवर्ती के सबूत पत्रावली में सलंग्न नहीं होने तथा अदालत मातहत की पत्रावली में धारा 91 (3) का नोटिस सलंग्न नहीं होने के कथन से मै सहमत हूॅ। मेरी राय में अपील अपीलान्ट स्वीकार योग्य पायी जाती है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है जिसमे बेदखली,शास्ति का आदेश यथावत रखा जाता है तथा अपीलान्ट को दिये गये 30 दिवस के सिविल कारावास के दण्ड को निरस्त किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 23/02/21 को लिखया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्फतर हो।

(डॉ0सूरज सिंह नेगी)
अतिरिक्त जिला कलेक्टर,
सवाईमाधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Dr. Suraj Singh Negi
Date: 2022.02.10 13:49:36 IST
Reason: SelfAttested